भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 298
दिनांक 24.07.2001 को उत्तर के लिए

हिंदी को राजभाषा घोषित किया जाना

298. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार द्वारा हिंदी को राजभाषा के रूप में घोषित किए जाने और उसे संवैधानिक उपबंधों और संसद द्वारा पूर्व में पारित संकल्पों के अनुसार लागू किए जाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो हिंदी को कब तक राजभाषा घोषित किए जाने की संभावना है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर
गृह राज्य मंत्री (श्री आई.डी.स्वामी)

(क) : हिंदी संघ की राजभाषा पहले से ही घोषित है और संविधान, राजभाषा अधिनियम, 1963 तथा संसदीय संकल्प, 1968 की व्यवस्था लागू है ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता ।